# न्यायालय सहायक कलेक्टर (फास्ट–ट्रेक) बांदीकुई जिला दौसा

प्रकरण सं. 18/2016
दिनांक 16.02.2016
इस न्यायालय में दर्ज प्र.स. 26/22
प्रकरण दायर दिनांक 03.01.2022
प्रकरण निर्णय दिनांक 08.04.2022

उनवान

1. श्री कालूराम पुत्र चिरंजीलाल जाति माली निवासी बसवा तहसील बसवा जिला दौसा।

—: वादी

बनामः—

1. मुकेश पुत्र चिरंजी लाल
2. बुद्दाराम पुत्र चिरंजी लाल
3. रामजीवन पुत्र सुगरया
4. प्यारेलाल पुत्र सुगरया
5. पप्पू पुत्र बीरबल
6. करमा पत्नी भगवान सहाय
7. रामकिशोर पुत्र भगवानसहाय
8. अभिषेक पुत्र भगवान सहाय
9. राजस्थान सरकार भू–स्वामी जरिये तहसीलदार तहसील बसवा दौसा।

:— प्रतिवादीग

" दावा तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा "

::निर्णय::

वादी ने वाद पत्र खिलाफ प्रतिवादी वास्ते दावा तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा इस आशय का न्यायालय उप–जिला कलेक्टर वादीकुई में दिनांक 16.02.2016 को इस आशय का निम्न प्रकार पेश किया कि ग्राम बसवा बी तहसील बसवा जिला दौसा में भूमि खेवट खतौनी संख्या नई 290 पुरानी 281 खसरा नं. 3714/10110 रकबा 0.09 है0 खसरा नं. 3719 रकबा 0.08 खसरा नम्बर 3720 रकबा 0.10 है0 खसरा नं. 3721 रकबा 0.06 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 0.33 है वार्षिक लगानी 5.28 जिस आगे चलकर भूमिमुतदाविया के नाम सम्बोधित किया जावेगा। उक्त भूमि का अभितक विधिवत सरस–नरस के आधार पर तकास्मा नही हुआ है। मौके पर पक्षकारान ने आपसी सुविधा के अनुसार बाट रखा है लेकिन भूमि बोते समय आपस मे विवाद हो जाता है ऐसी सुरत में वादी भूमि मुतदाविया का सरस–नरस के अनुसार विधिवत तकासमा करवाकर अलग–अलग चक व अलग खाता अलग लगान कायम करवाने हेतु वाद पत्र पेश किया गया है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण जरिये सम्मन नोटिस तलबी करवाई गई दिनांक 20.10.2016 को प्रतिवादी 1 व 2 की तरफ से श्री किशन लाल एडवोकेट द्वारा वकालतनामा पेश किया गया। दिनांक 5.12.2016 को बावजुद सूचना के शेष प्रतिवादी उपस्थित नही होने के कारण एक पक्षीय कार्यवाही की गई। दिनांक 12.05.2017 को राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार कैम्प बसवा में लोक अदालत में पक्षकारान को सुनवाई हेतु बुलवाया गया पक्षकारान द्वारा विवादित आराजी का तकास्मा कराने हेतु कोई आपत्ति नही होना जाहिर किया गया उभय पक्ष को सुनने व राजस्व रिकार्ड का अवलोकन करने के पश्चात दावा वादीगण प्राथमिक रूप से डिकी किया जाकर तहसीलदार बसवा को आदेश दिया कि विवादित भूमि पर दोनो पक्षो की उपस्थिति में कुर्रेजात तैयार कर भिजवाया जावे। पत्रावली

(हस्ताक्षर)
सहायक कलेक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट
(फास्ट ट्रेक) बांदीकुई

Scanned with CamScanner

इस न्यायालय में दिनांक 03.01.2022 को स्थानान्तरण होकर प्राप्त हुई। तहसीलदार बसवा के पत्रांक 1505 दिनांक 09.02.2022 को तहसीलदार बसवा द्वारा पत्रावली पर कुर्रेजात प्रस्ताव उपलब्ध करवाये गये जो निम्न है

| हाल जमाबंदी में दर्ज खातेदारी | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.स. | खाता संख्या | खातेदार का नाम | ख.न. | रकबा | किस्म |
| 1 | 55 | 1– अभिषेक पुत्र भगवान सहाय 7/117 हिस्सा जाति माली सा. देह<br>2– करमा पत्नि भगवान सहाय 7/117 हि. जाति माली सा. दहे<br>3– कालूराम पुत्र चिरंजी लाल 3/13 हि. जाति माली सा. दहे खातेदार<br>4– पप्पू पुत्र बीरबल 3/13 हि0 जाति माली सा. देह<br>5– प्यारेलाल पुत्र सुगरया 7/39 हि. जाति माली सा. दहे<br>6– रामकिशोर पुत्र भगवान सहाय हि. 7/117 जाति माली सा. दहे<br>7– रामजीवन पुत्र सुगरया 7/39 हि. जाति माली सा देह | 3714/10110<br>3719<br>3720<br>3721 | 0.09<br>0.08<br>0.10<br>0.06 | मु.जमा.<br>मु.जमा. |
| | | योगः– | कुल किता 2 | कुल रकबा 0.33 हैक्टेयर | |

| कुर्रेजात के अनुसार खातेदार का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.स. | खातेदार का नाम | ख.न. | रकबा | किस्म |
| 1 | कालूराम पुत्र चिरंजीलाल जाति माली सा. दहे खातेदार | 3714/10110/2<br>3719/2<br>3720/1 | 0.0200<br>0.0300<br>0.0250 | मु.जमा<br>मु.जमा |
| | कुल योग | किता 3 | 0.0750 | |
| 2 | पप्पु पुत्र बीरबल जाति सा. दहे खातेदार | 3714/10110/1<br>3719/1 | 0.0250<br>0.0500 | मु.जमा. |
| | कुल योग | किता 2 | 0.0750 | |
| 3 | अभिषेक, रामकिशोर पि. भगवान सहाय जाति माली सा. दहे | 3720/2<br>3714/10110/3 | 0.0450<br>0.0150 | मु.जमा |
| | कुल योग | किता 2 | 0.0600 | |
| | कुल योग | किता–2 | 0.0600 | |
| 4 | रामजीवन पुत्र सुगरया जाति माली सा. दहे खातेदार | 3720/3<br>3714/10110/4<br>3721/1 | 0.0300<br>0.0150<br>0.0150 | मु.जमा. |
| | कुल योग | किता–2 | 0.0600 | |
| 5 | प्यारेलाल पुत्र सुगरया जाति माली सा. दहे खातेदार | 3721/2<br>3714/10110/5 | 0.0450<br>0.0150 | मु.जमा. |
| | कुल योगः– | किता–2 | 0.600 | |

हमने तहसीलदार बसवा से प्राप्त कुर्रेजात रिपोर्ट पर उभय पक्ष वकीलो को अवलोकन करवाया गया उभय पक्ष वकीलो द्वारा प्राप्त कुर्रेजात प्रस्ताव पर सहमती प्रकट की गई। हमने वादी द्वारा प्रस्तुत दावा एवं दावे की ताईद मे प्राप्त दस्तावेजात एवं तहसीलदार बसवा से प्राप्त कुर्रेजात प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तहसीलदार बसवा से प्राप्त कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार योग्य समझते है।

अतः आदेश है कि ग्राम बसवा वी तहसील बसवा जिला दौसा में भूमि खेवट खतौनी संख्या नई 290 पुरानी 281 खसरा नं. 3714/10110 रकबा 0.09 है0 खसरा नं. 3719 रवबा 0.08 खसरा नम्बर 3720 रकबा 0.10 है0 खसरा नं. 3721 रकबा 0.06 है0 कुल किता 4 कुल रकबा 0.33 हैक्टेयर में तहसीलदार बसवा से प्राप्त कुर्रेजात प्रस्ताव अनुसार तकास्मा किया जावे। तहसीलदार बसवा से प्राप्त कुर्रेजात प्रस्ताव आदेश का भाग रहेगा। तहसीलदार बसवा नियमानुसार राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद करे, तहरीर एवं अंतीम पर्चा डिकी जारी होकर प्रकरण बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आज दिनांक 08.04.2022 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में निर्णय सुनाया गया है।

(भावना शर्मा)
आरएएस
सहायक कलेक्टर फास्ट–ट्रेक
बांदीकुई जिला दौसा

सहायक कलेक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट
(फास्ट ट्रेक) बांदीकुई

Scanned with CamScanner